भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
15.03.2023 के
तारांकित प्रश्न सं. 217 का उत्तर

बजट परिव्यय और पूंजीगत व्यय

*217. श्री फ्रांसिस्को सर्दिन्हा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान गोवा राज्य में पूंजीगत व्यय के लिए कोंकण रेलवे सहित रेलवे द्वारा कितना बजट परिव्यय और वास्तविक व्यय किया गया है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान राज्य में कितनी निर्माण परियोजनाएं स्वीकृत की गई और इस संबंध में कितनी प्रगति हुई है; और

(ग) कितनी परियोजनाएं रुकी हुई थीं और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

बजट परिव्यय और पूंजीगत व्यय के संबंध में दिनांक 15.03.2023 को लोक सभा में श्री फ्रांसिस्को सर्दिन्हा द्वारा पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या 217 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): रेल परियोजनाएं क्षेत्रीय रेलवे-वार स्वीकृत की जाती हैं न कि राज्य-वार, क्योंकि रेल परियोजनाएं विभिन्न राज्यों की सीमाओं के आर-पार फैली हो सकती हैं।

01.04.2022 की स्थिति के अनुसार, गोवा राज्य में पूर्णतः/आंशिक रूप से पड़ने वाली 4,929 करोड़ रुपये की लागत की 379 कि.मी. कुल लंबाई वाली दो दोहरीकरण परियोजनाएं योजना/निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं, जिनमें से 288 किमी. दोहरीकरण का कार्य पूरा हो गया है और अब तक लगभग 2,889 करोड़ रु. का व्यय किया गया है। इनमें निम्न शामिल हैः

i) 363 किमी. लंबी और 3,037.1 करोड़ रुपये की लागत वाली होस्पेट-हुबली-लोंडा-तिनईघाट-वास्को-दा-गामा दोहरीकरण परियोजना और
ii) 1,892 करोड़ रुपये की लागत वाली 16 किमी. लंबाई वाली चंद्रगांव-कंसोलियम रेल फ्लाइओवर परियोजना को वित्त वर्ष 2019-20 में शामिल किया गया था।

गोवा की रेलवे परियोजनाएं भारतीय रेल के दक्षिण पश्चिम रेलवे जोन के अंतर्गत आती हैं। सभी रेल परियोजनाओं का क्षेत्रीय रेलवे-वार ब्यौरा जिसमें लागत, व्यय और परिव्यय शामिल है, भारतीय रेल की वेबसाईट अर्थात www.indianrailways.gov.in>Ministry of Railways>Railway Board>About Indian Railways>Railway Board Directorates>Finance(Budget)>Rail Budget/pink Book(year)>Railways-wise Works,Machinery & Rolling Stock Programme पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

कोंकण रेलवे के लिए, भारत सरकार का बजट परिव्यय 52.84 करोड़ रु. है और गोवा राज्य में पूंजीगत व्यय के लिए पिछले पांच वर्षों के दौरान कोंकण रेलवे का बजट परिव्यय 28.98 करोड़ रु. है। गोवा राज्य में पूंजीगत व्यय के लिए कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा उधार ली गई निधि 82.97 करोड़ रु. है। गोवा राज्य में कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया गया वास्तविक पूंजीगत व्यय 164.29 करोड़ रुपये है।

(ख): 1892 करोड़ रुपये की लागत वाली 16 किलोमीटर लंबी चंद्रगांव-कंसोलियम रेल फ्लाईओवर परियोजना को अपेक्षित सरकारी स्वीकृतियां प्राप्त करने के अध्यधीन बजट 2019-20 में शामिल किया गया था। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण कार्य शुरू कर दिया गया है।

(ग): किसी भी रेल परियोजना का पूरा होना राज्य सरकार द्वारा शीघ्र भूमि अधिग्रहण, वन विभाग के प्राधिकारियों द्वारा वन संबंधी मंजूरी, बाधक जनोपयोगी सेवाओं की शिफ्टिंग, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, क्षेत्र की भौगोलिक और स्थलाकृतिक स्थिति, परियोजना साइट के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जलवायु स्थिति को ध्यान में रखते हुए परियोजना विशेष की साइटों के लिए वर्ष में कार्य के महीनों की संख्या जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजना के समापन समय को प्रभावित करते हैं। उपर्युक्त बाधाओं के साथ परियोजना/(ओं) के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

*****